# 2025

## हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

**नोट :** i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

ii) इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

### खण्ड – क

1. (क) 'नासिकेतोपाख्यान' के लेखक हैं

(i) लल्लू लाल (ii) सदल मिश्र (iii) इंशा अल्ला खाँ (iv) मुंशी सदासुख लाल । 1

(ख) 'ब्राह्मण' पत्रिका के सम्पादक हैं

(i) बाल कृष्ण भट्ट (ii) श्याम सुन्दर दास

(iii) डॉ० राम कुमार वर्मा (iv) प्रताप नारायण मिश्र । 1

(ग) 'चन्द्रधर शर्मा गुलेरी' की कहानी है

(i) मंत्र (ii) उसने कहा था (iii) दुलाईवाली (iv) मधुआ । 1

(घ) 'साहित्य और संस्कृति' के लेखक हैं

(i) राम विलास शर्मा (ii) प्रेमचन्द (iii) नामवर सिंह (iv) अमृतराय । 1

(ङ) 'स्मृति की रेखाएँ' किस विधा की रचना है ?

(i) नाटक (ii) आत्म कथा (iii) जीवनी (iv) संस्मरण । 1

2. (क) हिन्दी साहित्य के आदिकाल के कवि हैं

(i) नाभादास (ii) केशवदास

(iii) नरपति नाल्ह (iv) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' । 1

(ख) कबीरदास के गुरु का नाम था

(i) मध्वाचार्य (ii) नंददास (iii) रामानंद (iv) नरहरिदास । 1

(ग) कौन-सी रचना भक्तिकाल से सम्बन्धित नहीं है ?

(i) पद्मावत (ii) कृष्णायन (iii) सूरसागर (iv) कवितावली । 1

